प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 22.03.2026 समय : 01:00 पी.एम.

00000

केन्द्र सरकार द्वारा राज्यों को व्यावसायिक एलपीजी के लिए 20 प्रतिशत अतिरिक्त आवंटन कल से शुरू होगा। इसमें पीएनजी के विस्तार के लिए सुधारों के आधार पर 10 प्रतिशत आवंटन भी शामिल है। इनमें रेस्तरां, ढाबे, होटल, औद्योगिक कैंटीन, डेयरी, रियायती कैंटीन और राज्य या स्थानीय निकायों द्वारा संचालित अन्य क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जाएगी। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव, नीरज मित्तल ने कहा है कि सभी व्यावसायिक और औद्योगिक एलपीजी उपभोक्ताओं को तेल विपणन कंपनियों के साथ पंजीकरण कराना होगा। सरकार ने आश्वासन दिया है कि देश में पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कोई कमी नहीं है और लोग घबराहट में खरीदारी न करें।

0000

आज विश्व जल दिवस है। इसका उद्देश्य विश्व के सभी देशों में स्वच्छ और सुरक्षित जल की उपलब्धता सुनिश्चित करवाना है। साथ ही जल संरक्षण के महत्व पर भी ध्यान देना हैं। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में देशवासियों से पानी की हर बूंद का संरक्षण करने और उसके जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराने की अपील की। उन्होंने बच्चों से वॉटर वॉरियर बनकर जल संरक्षण के लिए आगे आने को कहा। वहीं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी सोशल मीडिया पोस्ट पर प्रदेशवासियों से पानी को फिजूल खर्च नहीं करने और आने वाली पीढियों के लिये जल की हर बूंद को सहेजने का आह्वान किया। प्रदेश में जल संरक्षण को लेकर कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। पाली में जल संरक्षण की अधुनिक तकनीकों और दैनिक जीवन में इसके उपयोग को लेकर विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया जा रहा है। बाडमेर में जल महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। महोत्सव में जल जीवन मिशन पर वार्ता और जल पूजन जैसी कई गतिविधियां रखी गयी है। इधर जल शक्ति मंत्रालय कल नई दिल्ली में विश्व जल दिवस सम्मेलन का आयोजन करेगा। इस सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटील और उद्योग जगत के वरिष्ठ प्रतिनिधि शामिल होंगे।

0000

केंद्र सरकार ने प्रदेश में जर्जर विद्यालय भवनों के पुनर्निर्माण के लिए 300 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है। इसके लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सरकार का आभार व्यक्त किया है। श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए मज़बूत आधारभूत संरचना का निर्माण राज्य सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार के इस सहयोग से प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक सुधार होगा तथा विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

000

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में 1 अप्रैल से नया शैक्षणिक सत्र शुरू होगा। पाली में शिक्षा विभाग ने इस सत्र में बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के मद्देनजर एक नवाचार किया है। इसके तहत गर्मी में विद्यार्थियों को पानी पीने के लिए हर छोटे–छोटे अन्तराल के बाद घंटी बजाई जाएगी। घंटी बजने के साथ ही विद्यार्थी पानी पियेंगे। इससे बच्चे मौसम जनित बीमारियों से दूर रहेंगे। अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी प्रवीण जांगिड़ ने बताया कि स्कूलो में गर्मी से उपचार के लिए प्राथमिक उपचार किट,दवाएं और ओआरएस का किट भी रखा जाएगा।

0000

भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ लि. (एन सी सी एफ) की ओर से करौली जिले के नादौती उपखंड मुख्यालय पर नये गेहूं खरीद केंद्र खोले जाने की मंजूरी मिल गई है। यह स्वीकृति रबी फसलों के नए सत्र के लिए प्रदान की गई है। इस केंद्र के शुरू होने से क्षेत्र के किसानों को अपनी गेहूं की फसल सीधे न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बेचने की सुविधा मिलेगी। साथ ही आसपास के गांवों के किसानों को भी गेहूं और चने की फसल बेचने में आसानी होगी। इस बीच प्रदेश में सरसों और चने की समर्थन मूल्य पर खरीद के लिए पंजीकरण किया जा रहा है।

पंजीकृत किसानों से इन फसलों की खरीद 1 अप्रैल से शुरू की जायेगी। चने का न्यूनतम समर्थन मूल्य 5 हजार 875 रूपये प्रति क्विंटल और सरसों का 6 हजार 200 रूपये प्रति क्विंटल तय किया गया है।

0000

राज्य में आज कई स्थानों पर ईसर गणगौर की पूजा अर्चना कर बूढी गणगौर की सवारी निकाली जा रही है। राजधानी जयपुर में यह शाही सवारी आज परम्परागत वैभव के साथ निकाली जायेगी। पर्यटन विभाग के उपनिदेशक उपेन्द्र सिंह शेखावत के अनुसार सवारी शाम पौने 6 बजे सिटी पैलेस से रवाना होकर त्रिपोलिया गेट, छोटी चौपड और गणगौरी बाजार से गुजरते हुए ताल कटोरा पोन्ड्रिक पार्क पंहुचेगी। इसके लिए यातायात विभाग ने ट्रेफिक के पुख्ता इंतजाम किये है।

0000